TEACHERS OF BIHAR

दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें



teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

06 जून 2026

Teachers of Bihar

The Change Makers

आज का सुविचार

शिक्षा मनुष्य में निहित पूर्णता की अभिव्यक्ति है।

स्वामी विवेकानंद जी

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया

बिम्सटेक का गठन 6 जून

यह एक क्षेत्रीय बहुपक्षीय संगठन है तथा बंगाल की खाड़ी के तटवर्ती और समीपवर्ती क्षेत्रों में स्थित इसके सदस्य हैं जो क्षेत्रीय एकता का प्रतीक हैं। इसके **7** सदस्यों में से **5** दक्षिण,एशिया से हैं,जिनमें बांग्लादेश, भूटान, भारत, नेपाल और श्रीलंका शामिल हैं तथा दो- म्याँमार और थाईलैंड दक्षिण-पूर्व एशिया से हैं। बिम्सटेक न सिर्फ दक्षिण और दक्षिण पूर्व-एशिया के बीच संपर्क बनाता है। बल्कि हिमालय तथा बंगाल की खाड़ी की पारिस्थितिकी को भी जोड़ता है।

इसके मुख्य उद्देश्य तीव्र आर्थिक विकास हेतु वातावरण तैयार करना,सामाजिक प्रगति में तेज़ी लाना और क्षेत्र में सामान्य हित के मामलों पर सहयोग को बढ़ावा देना है। यह उप-क्षेत्रीय संगठन वर्ष **1997** में बैंकॉक घोषणा के माध्यम से अस्तित्व में आया। प्रारंभ में इसका गठन चार सदस्य राष्ट्रों के साथ किया गया था, जिनकासंक्षिप्**BIST-EC'** (बांग्लादेश, भारत,श्रीलंका और थाईलैंड आर्थिक सहयोग)था। वर्ष **1997** में म्याँमार के शामिल होने के बाद इसका नाम बदलकर **'BIMST-EC'** कर दिया गया। वर्ष **2004** में नेपाल और भूटान के इसमें शामिल होने के बाद संगठन का नाम बदलकर बे ऑफ़ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी सेक्टरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक को-ऑपरेशन कर दिया गया। बिम्सटेक का उद्देश्य क्षेत्र में तीव्र आर्थिक विकास हेतु वातावरण तैयार करना। सहयोग और समानता की भावना विकसित करना। सदस्य राष्ट्रों के साझा हितों के क्षेत्रों में सक्रिय सहयोग और पारस्परिक सहायता को बढ़ावा देना। शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों में एक-दूसरे पूर्ण सहयोग। बिम्सटेक समान संप्रभुता क्षेत्रीयअखंडता राजनीतिक स्वतंत्रता आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना शांतिपूर्ण,सह-अस्तित्व,पारस्परिक लाभ सदस्य देशों के मध्य अन्य द्विपक्षीय,क्षेत्रीय और बहुपक्षीय सहयोग को प्रतिस्थापित करने के बजाय अन्य विकल्प प्रदान करना।

Teachers of Bihar
The Change Makers

शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 06.06.2026

भूमिका निर्वाह विधि

भूमिका निर्वाह विधि (Role Playing Method)

भूमिका निर्वाह विधि एक ऐसी शिक्षण विधि है जिसमें विद्यार्थी किसी व्यक्ति, परिस्थिति या घटना की भूमिका का अभिनय करके सीखते हैं। इस विधि के माध्यम से छात्र वास्तविक जीवन की परिस्थितियों को समझते हैं तथा अपने विचार, भावनाएँ और व्यवहार व्यक्त करते हैं। जब शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में विद्यार्थियों को किसी विशेष स्थिति या पात्र की भूमिका निभाने का अवसर दिया जाता है, तो उसे भूमिका निर्वाह विधि कहते हैं।

रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

महाराष्ट्र के **अभिजीत पाटिल** मात्र 22 साल की उम्र में आईपीएस अधिकारी बन गए हैं। वो **देश** के सबसे युवा **आईपीएस अधिकारी** हैं जिन्होंने अपने पहले एटेम्पट में ही **यूपीएससी** की परीक्षा पास की है।

TOB खेल कॉर्नर

CRICKET

ट्राई सीरीज का शेड्यूल

मैच	तारीख
श्रीलंका A vs भारत A	9 जून 2026
भारत A vs अफगानिस्तान A	11 जून 2026
श्रीलंका A vs अफगानिस्तान A	13 जून 2026
श्रीलंका A vs भारत A	15 जून 2026
भारत A vs अफगानिस्तान A	17 जून 2026
श्रीलंका A vs अफगानिस्तान A	19 जून 2026
फाइनल	21 जून 2026

नोट- सभी मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे से डंबुला में खेले जाएंगे।

आज का ToB क्वीज..

भारत के प्रथम गृह मंत्री कौन था ?

A. सरदार वल्लभभाई पटेल

B. डॉ भीमराव अंबेडकर

C. जवाहरलाल नेहरू

www.teacherofbihar.org

संजय कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारतीय सिनेमा के
सच्चे हीरो, महान अभिनेता,
समाजसेवी और करुणा के प्रतीक
सुनील दत्त
जयंती
06 जून
दया, सेवा और मानवता के लिए
हमेशा याद किए जाएंगे।
बेहतरीन अभिनेता
समर्पित समाजसेवी
संवेदनशील व्यक्तित्व
शांति और मानवता के पक्षधर
"मैं एक कलाकार हूँ, लेकिन
इंसानियत मेरी सबसे बड़ी पहचान है।
– सुनील दत्त
उनकी यादें और उनके आदर्श हमें हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।
www.teachersofbihar.org
राकेश कुमार